00436

ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT

Term-End Examination

June, 2011

BSEI-005 : SOFT SKILL TRAINING

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

1. (a) निम्नलिखित वाक्यों में सही या गलत का निशान लगाओ। **10x1=10**

(i) जनरल डायरी में प्रतिदिन की असामान्य घटनाओं को दर्ज किया जाता है। ( )

(ii) सुरक्षाकर्मी को चाहिए की विभाग से सम्बधित किसी भी व्यक्ति को चाबी दे दी जाय। ( )

(iii) रिटर्नेबल मटेरियल रजिस्टर में बाहर जाने वाले सामान को लिखा जाता है। ( )

(iv) KEY कन्ट्रोल के लिए दो बॉक्स बनाने चाहिये जिसे ओरिजनल व डुप्लीकेट KEY बॉक्स कहते हैं। ( )

(v) संचार प्रक्रिया आमतौर पर चार प्रकार की होती है। ( )

(vi) सीधा आँख से आँख डालकर सम्पर्क करने से अच्छा संवाद कौशल हासिल किया जा सकता है। ( )

(vii) समझौता लागू करने में विलम्ब करना एक घेराव का मुख्य कारण है। ( )

(viii) बम डिस्पोजल टोलियाँ सिर्फ थल सेना के पास होती हैं। ( )

(ix) मुँह से झाग आना व नींद आना साँप काटने का लक्षण है। ( )

(x) मोच आने पर उस हिस्से को ठण्डे पानी या बर्फ से ठण्डा करके रखें। ( )

(b) निम्नलिखित के खाली स्थान भरो : **10x1=10**

(i) सुरक्षाकर्मी की खुद की पहचान के लिए वर्दी में कमीज़ पर __________ लगाई जाती है।

(ii) अगर रोगी का खून बह रहा है या अन्दरुनी घाव हुआ है तो उस हिस्से को __________ से ऊपर उठाकर रखें।

(iii) अगर रोगी के शरीर का कोई हिस्सा जल जाता है तो जले हिस्से को __________ मिनट ठण्डे पानी में रखें।

(iv) जब घायल सचेत हो तो ऐसी स्थिति में घायल को __________ देकर अस्पताल भेजें।

(v) रोगी के शरीर पर घाव हो जाने पर उसे कीटाणु रहित पानी से साफ करें तथा __________ क्रीम का प्रयोग करें।

(vi) दुर्घटना में घायल रोगी के साथ आपातकालीन स्थिति में सदैव __________ याद रखें।

(vii) मालिकों द्वारा एकाधिकार जताकर मज़दूरों पर दबाव डालना __________ का मुख्य कारण है।

(viii) अचेत व्यक्ति या पेट से घायल रोगी को मुँह द्वारा __________ नहीं देना चाहिए।

(ix) एक सुरक्षाकर्मी की पहचान उसकी __________ से होती है।

(x) संस्थान में अगर कोई घटना घट जाती है। उसे __________ में दर्ज किया जाता है।

(c) **स्तम्भ 'क'** से **स्तम्भ 'ख'** का मिलान करें। **4x1=4**

स्तम्भ 'क'	**स्तम्भ 'ख'**
(i) युनिफार्म	(A) जनरल डायरी
(ii) आऊट गोईंग मटेरियल	(B) खेल प्रदर्शन
(iii) घटना	(C) नेम प्लेट
(iv) संवाद कौशल	(D) मटेरियल रजिस्टर

(d) सही उत्तर का चयन करें। **4x1=4**

(i) साँप काटने पर क्या प्राथमिक उपचार करेंगे ?

(A) काटे हिस्से से ऊपर हृदय की तरफ बंध लगायें।

(B) साँप काटे पर चीरा लगायें।

(C) काटे हिस्से को जलायेंगे।

(D) डॉक्टर आने का इन्तजार करें।

(ii) भारी आग लगने पर पहले सूचित करना है :

(A) कर्मचारियों को।

(B) पास की कम्पनी को।

(C) अग्निशमन दस्ते को।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iii) यदि घायल अचेत है नब्ज नहीं चल रही है, और साँस भी बन्द है तो करेंगे :

(A) ABC की कार्यवाही।

(B) CPR की कार्यवाही।

(C) रिकवरी अवस्था।

(D) उपरोक्त सभी कार्यवाही।

(iv) अच्छा संवाद कौशल कैसे हासिल किया जा सकता है ?

(A) धीरे बोल कर।

(B) मीठा बोल कर।

(C) मातृभाषा बोल कर।

(D) शारीरिक भाषा का उचित प्रयोग कर।

2. निम्नलिखित में से ***कोई सात*** प्रश्न हल करो। **7x6=42**

(a) प्राथमिक चिकित्सा का उद्देश्य लिखो।

(b) गले में अवरोध से साँस बन्द होने पर क्या उपचार करोगे ?

(c) साँप काटने के क्या-क्या चिन्ह् एवं लक्षण होते हैं ?

(d) सुरक्षा संगठन की सामान्य कार्य प्रणाली में क्या-क्या कार्य होते हैं ? लिखो।

(e) फ्रेक्चर किसे कहते हैं तथा फ्रेक्चर कितने प्रकार का होता है?

(f) सुपरवाइज़र पर संक्षिप्त नोट लिखो।

(g) पुलिस से अच्छे सम्बन्धों से हमें क्या-क्या फायदे हो सकते हैं?

(h) औद्योगिक अशान्ति के क्या-क्या कारण हो सकते हैं?

(i) घेराव से आप क्या-क्या समझते हैं तथा घेराव किन-किन कारणों से होता है?

(j) संवाद कौशल का महत्त्व पर संक्षिप्त नोट लिखो।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***कोई तीन*** प्रश्न करो । 3x10=30

(a) प्रभावशाली संवाद कौशल किस उपायों से पैदा किया जा सकता है? लिखो।

(b) संवाद कौशल के ज्ञान व समझ पैदा करने के लिए कुछ प्रभावी अभ्यास / तरीकों के बारे में विस्तार से वर्णन करो।

(c) जनरल डायरी में कौन-कौन सी प्रतिदिन की असामान्य घटनाओं को दर्ज किया जाता है? वर्णन करो।

(d) एक सुरक्षाकर्मी की युनिफार्म (वर्दी) में क्या-क्या सामान शामिल होता है? वर्णन करो।

(e) संस्थान के अन्दर कर्मचारियों द्वारा हड़ताल करने पर सुरक्षा अधिकारियों के क्या कर्त्तव्य होंगे?